उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन
राजकीय आई0टी0आई0 परिसर अलीगंज, लखनऊ

संख्याः 2939 / उ0प्र0कौ0वि0मि0 / टी0पी0पी0 / 2020–21 / 2066
दिनांकः 08 जनवरी, 2022

कार्यालय ज्ञाप

विषयः संशोधित अनुमोदन प्रक्रिया व वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु निर्माण सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्देश।

उक्त विषयक पूर्व कार्यालय ज्ञाप संख्याः 2141 / उ0प्र0कौ0वि0मि0 / 2020–21 / टी0पी0पी0 दिनांक 22.10.2021 द्वारा बीओसीडब्लू योजना के क्रियान्वयन हेतु बीओसीडब्लू बोर्ड से अपेक्षित धनराशि प्राप्त न हो सकने तथा एससीएटूएससीएसपी योजनान्तर्गत मात्र प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के ही अर्ह युवाओं को चयनित किये जाने की बाध्यता के कारण बैच निर्माण में अनुभव की जाने वाली कठिनाईयों के दृष्टिगत प्रशिक्षणार्थियों की संख्या के योजनावार मात्राकरण के प्राविधान को अग्रिम आदेशों तक शिथिल किया गया था।

उक्त सम्बन्ध में कतिपय जनपदों से मात्राकरण को शिथिल किये जाने के बिन्दु को स्पष्ट किये जाने हेतु अनुरोध किया जा रहा है।

उक्त सम्बन्ध में निम्नानुसार स्थिति स्पष्ट की जा रही हैः–

i. बीओसीडब्लू योजनान्तर्गत आवंटित किये गये लक्ष्य कार्यालय ज्ञाप संख्याः 2938 / उ0प्र0कौ0वि0मि0 / टी0पी0पी0 / 2021–22 / 2066 दिनांक 08.01.2022 के क्रम में एसएसडीएफ के अन्तर्गत सम्मिलित माने जायेंगे।

ii. एससीएटूएससीएसपी योजनान्तर्गत निर्धारित मात्राकृत प्रशिक्षणार्थियों की संख्या का किसी बैच में इनरोलमेंट होना आवश्यक नहीं होगा। प्रशिक्षणार्थियों की उपलब्धता के आधार पर उक्त संख्या शिथिलनीय होगी अर्थात् यदि किसी प्रशिक्षण सत्र में एससीएटूएससीएसपी योजनान्तर्गत अपेक्षित संख्या से कम प्रशिक्षणार्थी उपलब्ध हैं, तो शेष प्रशिक्षणार्थी एसएसडीएफ योजनान्तर्गत चयनित कर बैच का निर्माण किया जा सकेगा।

8/1/22

(आन्द्रा वामसी)
मिशन निदेशक

संख्याः / उ0प्र0कौ0वि0मि0 / टी0पी0पी0 / 2020–21 / 2066 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

3. समस्त जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन।
4. समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी, उ.प्र. कौशल विकास मिशन।
5. सहायक प्रबंधक (आई.टी.) को पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
6. समस्त आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता, उ.प्र. कौशल विकास मिशन।
7. गार्ड फाइल।

(आन्द्रा वामसी)
मिशन निदेशक